हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़



04 महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर...





07 कबड्डी प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया...




## खबर संक्षेप

### 10 मार्च को खुरई में होने वाली जनसुनवाई स्थगित

**सागर।** सागर जिले के खुरई विकासखंड में आगामी 10 मार्च दिन मंगलवार को होने वाली विशेष जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। ढ कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार नवीन तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई यथावत आयोजित की जाएगी।

### कुमरोल गांव में बाड़े में लगी आग: फायर ब्रिगेड ने समय रहते काबू पाया

**खुरई।** कुमरोल गांव में एक घर के बाड़े में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना कुमरोल गांव के कप्तान सिंह राजपूत के बाड़े में हुई। आग तेजी से फैलते हुए अभिषेक ठाकुर के बाड़े तक पहुंच गई थी। ग्रामीणों ने पहले अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार बढ़ती रही। इसके बाद तत्काल डॉयल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डॉयल 112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों से आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझने से पूरे गांव में फैलने का खतरा टल गया।



### बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था एवं जिलेवासियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवता में सुधार, चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य अमले की मुस्तैदी के लिए लगातार का कार्य किया जा रहा है। इसी संबंध में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी बण्डा रवीश श्रीवास्तव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बण्डा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। एनआरसी के निरीक्षण में पाया गया कि एनआरसी में कोई भी महिला एवं शिशु नहीं थे। प्री एवं पोस्ट डिलिवरी वार्डो में जाकर महिलाओं से बात की एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। अनुविभागीय अधिकारी बण्डा ने बताया कि सिविल अस्पताल बण्डा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये डॉक्टर्स एवं स्टाफ कर्मचारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।यह डॉक्टर और स्टाफ पाया गया अनुपस्थित डॉ. अंशुल नेमा डॉक्टर एनेस्थी, डॉ. प्रदीप सरवैया डॉक्टर पी.जी.एम.ओ., डॉ. मानवेन्द्र सिंह एमओ, डॉ. हुडा निसार एम.ओ, डॉ मनीष जैन ए.एम.ओ. आरबीएसके, मिस सेम रजक एन.ओ., मिस किरन पटैल एन.ओ., मिस. कुसुम अहिरवार एल.एच.व्ही., सुचिता साहू फार्मासिस्ट, हर्षवर्धन लेब टेक्नीशियन, संतोष पटेल फीजियो., नीता वर्मा एनओ, अनुप्रिया दुबे एएनएम, प्रीति साहू एएनएम, हेमंत चौरसिया फार्मासिस्ट आरबीएसके, संध्या यादव एएनएम, वंदना चौरसिया फार्मासिस्ट, नेहा पाण्डेय आरबीएसके फार्मासिस्ट, खलीद खान काउसलर, फूलसींग गौंड पम्प अटेंडें, गनेश कुर्मी वार्डवाय।

## 11 मार्च को होगा ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी एवं रोजगार मेले का उद्घाटन

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। 11 मार्च को ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का भव्य उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी विशेष रूप से शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां चल रही हैं। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत एवं अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक व्यवस्था कोलेकर विशेष निर्देश दिए ताकि लोगों को कोई भी असुविधा न हो। साथ ही लोगों के आने के लिए मुख्यद्वार देखते हुए उन्होंने हेलीपैड का निरीक्षण किया, पार्किंग व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की लोगों को असुविधा न हो इस प्रकार कि पार्किंग व्यवस्था की जाये। खासतौर से उद्घाटन सत्र में आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी सागर जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा वरदान साबित होगी। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सागर में ही उपलब्ध हो सकेगी। साथ प्रतिवर्ष रोजगार मेले एवं प्लेसमेंट के माध्यम से युवाओं का रोजगार के अवसर पर उपलब्ध होंगें। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रोजगार मेले का भी शुभारंभ करेंगें। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में इस शिक्षा के मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे, जिसे देखते हुए बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और आवागमन की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

इस अवसर पर शासकीय अधिकारियों के साथ ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आदित्य सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत एसडीएम अमन मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंत्री राजपूत ने ली बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं और इसमें जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बैठक में कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं, स्वागत, यातायात व्यवस्था, मंच संचालन और अन्य तैयारियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।मंत्री राजपूत ने सभी से आग्रह किया कि वे समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर श्याम तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।



### 17 मरीजों को उनके परिजनों के साथ भेजा भोपाल

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में प्रति रविवार की भांति पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निज निवास गणनायक से एम्बुलेंस द्वारा क्षेत्र के विभिन्न उपचाररत मरीजों को इलाज हेतु भोपाल के लिए रवाना किया गया। इस दौरान कुल 17 मरीजों को उनके 19 परिजनों के साथ भेजा गया, जिनमें 4 हृदय रोग, 5 कैंसर, 3 लीवर, 03 किडनी,1 हड्डी तथा 1 गर्भाशय से संबंधित गंभीर बीमारी के मरीज शामिल हैं। विधायक गोपाल भार्गव ने बताया कि रवाना होने से पूर्व सभी मरीजों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना एवं उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने के लिए शुभकामनाएँ दीं। सभी मरीज भोपाल पहुँचकर रात्रि विश्राम मेरे भोपाल स्थित निवास पर करेंगे तथा सोमवार के दिन आवश्यकता अनुसार उन्हें अस्पताल में जाँच एवं उपचार के लिए भर्ती कराया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच सकुशल वापस लौटें।



### सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल कहे जाने वाले पंजाब के सरहंद फतेहगढ़ साहिब में करेंगे स्वर्ण दान

**सागर।** शहर के वरिष्ठ चिकित्सक और मकरोनिया स्थित सतनाम नर्सिंग होम के संचालक डॉ गुरनाम सिंह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे है, दिन ब दिन उनकी हालत बिगड़ती जा रही है। इसी वजह से उनके मरीज भी काफी चिंतित नजर आ रहे है। डॉ साब खराब स्वास्थ्य के चलते अस्पताल में भी नहीं बैठ रहे है। कई मरीज ऐसे भी है जो डॉ साब के अलावा कही दवा नहीं कराते जब वो अस्पताल आते है और डॉ की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती है,तो उन्हें भारी मन से वापस लौटना पड़ता है। इस सब से कही ऊपर सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष और डॉ गुरनाम त्रपत कौर के बेटे मनी सिंह ने अपने पिता के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर एक संकल्प और लिया है। उस संकल्प के अनुसार मनी सिंह जल्द ही सिख धर्म के सबसे पवित्र तीर्थ स्थल कहे जाने वाले पंजाब प्रांत स्थित सरहंद फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारा पहुंचकर पांच से सात लाख रु का स्वर्ण दान करेंगे। बता दें कि इससे पहले मनी सिंह की माता जी का भी स्वास्थ्य चिंताजनक था और उनके स्वास्थ्य की कामना को लेकर मनी सिंह फतेहगढ़ साहब पहुंचे थे जहां उन्होंने नगद राशि माता जी के नाम से भेंट की थी और इसके बाद उनकी माता जी पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गई थी।



### सागर में आकार ले रहे आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य तेज गति से जारी

**सागर।** नगर के विकास को नई दिशा देने के लिए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के प्रयासों से मुख्यमंत्री की विशेष निधि से शहर में दो आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इन ऑडिटोरियम में से एक का निर्माण तिली चौराहा क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसकी लागत लगभग 8 करोड़ रुपये है। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए बताया कि तिली चौराहा पर बन रहा यह ऑडिटोरियम सर्व सुविधायुक्त होगा, जिसमें लगभग 410 लोगों के बैठने की क्षमता रहेगी। उन्होंने बताया कि इस ऑडिटोरियम का लगभग 20 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस वर्ष के अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। विधायक जैन ने कहा कि सागर में बन रहे यह ऑडिटोरियम आधुनिक सुविधाओं से युक्त और आकर्षक स्वरूप में तैयार किए जा रहे हैं। इनका डिज़ाइन ऐसा होगा कि यह सामान्य शासकीय भवन की तरह नहीं दिखेंगे, बल्कि बड़े और आकर्षक होटल या मैरिज गार्डन जैसी भव्यता लिए होंगे। उन्होंने बताया कि ऑडिटोरियम में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग ग्रीन रूम, वीआईपी लाउंज, मेल और फीमेल टॉयलेट ब्लॉक सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, ताकि सांस्कृतिक, सामाजिक और शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए शहर को एक बेहतर और आधुनिक मंच मिल सके। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार एवं उनकी टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## पाठ्यपुस्तकों और यूनिफॉर्म की उपलब्धता को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

निजी स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों और यूनिफॉर्म की उपलब्धता को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने सभी पुस्तक विक्रेताओं और संबंधित पक्षों से चर्चा की। बैठक का मुख्य ध्येय अभिभावकों पर आर्थिक भार कम करना और छात्रों को सुगमता से सामग्री उपलब्ध कराना रहा। अपर कलेक्टर रावत ने विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे आयोजित होने वाले पुस्तक मेले में अपने स्टॉल अनिवार्य रूप से लगाएं। प्रशासन की मंशा है कि अभिभावकों को अलग-अलग दुकानों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए कुछ प्रमुख सुझाव साझा किए गए। जिसमें विक्रेता यह सुनिश्चित करें कि मेले में ही पुस्तकों के पूरे सेट उपलब्ध हों, ताकि अभिभावकों को शेष सामग्री के लिए दुकानों पर न भटकना पड़े। मेला अवधि के दौरान सभी अधिकृत विक्रेता एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे चयन और क्रय में आसानी होगी।

### गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर

एनसीईआरटी और प्रामाणिक पुस्तकों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशासन ने विक्रेताओं से अपेक्षा की है कि, अभिभावकों के हितों को ध्यान में रखते हुए केवल उच्च गुणवत्ता वाली और सही पुस्तकें ही विक्रय की जाएं। किसी भी प्रकार की डुप्लीकेट या नकली सामग्री के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने हेतु जागरूकता बढ़ाई जाएगी। पर्यावरण और आर्थिक बचत को देखते हुए सुझाव दिया गया कि अगले 3-4 वर्षों तक पाठ्यक्रम में बड़े बदलाव न किए जाएं, ताकि वरिष्ठ छात्रों की पुस्तकें कनिष्ठ छात्र पुनः उपयोग कर सकें। यह स्पष्ट किया गया कि अभिभावकों को पुस्तकों के साथ स्टेशनरी या कॉपियां लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। वे अपनी पसंद और आवश्यकतानुसार सामग्री ले सकेंगे।

### यूनिफॉर्म व्यवस्था

स्कूल यूनिफॉर्म के संबंध में टेलर्स को स्टॉक और सही साइज बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, अभिभावकों की सहमति और छात्रों के ट्रायल के बिना कोई भी नया नियम लागू नहीं करने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही प्रशासन ने सभी पक्षों से अनुरोध किया है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी साझा करने से बचें। अधिकृत सूचनाएं और निर्देश पी आर ओ (जनसंपर्क विभाग) के माध्यम से जारी किए जाएंगे ताकि जनता तक सटीक जानकारी पहुँचे। प्रशासन का उद्देश्य किसी पर दबाव बनाना नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां स्कूल, विक्रेता और अभिभावक मिलकर छात्रों के भविष्य के लिए काम करें। ए डी एम श्री अविनाश रावत ने ने सभी से इस पारदर्शी व्यवस्था में सहयोग की अपील की है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, अभय श्रीवास्तव सहित समस्त पुस्तक गणवेश विक्रेता मौजूद थे।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान: सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए पहल: कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टरने कहा कि महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान जारी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण कराएं, जिन्होंने 14 वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15 वां जन्मदिन नहीं मनाया है। उन्होंने बताया कि जिले में किशोरियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसरकी प्रभावी रोकथाम करना है।यह अभियान 28 फरवरी से शुरू किया गया है जिसमें 14 से 15 वर्ष की किशोरियाँ, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन 15वां जन्मदिन अभी नहीं मनाया है को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण कराया जा रहा है। यह टीकाकरण कार्यक्रम आगामी तीन माह तक, शासकीय अवकाश को छोड़कर निरंतर संचालित किया जायेगा। भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और निःशुल्क प्रदान की जा रही है।कलेक्टर ने बताया कि जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बंडा, बीना, देवरी, जिला अस्पताल, गढ़ाकोटा, जैसीनगर, केसली, खुरई, मालथौन, मंडी बामोरा, राहतगढ़, रहली, शाहगढ़, सुरखीएवं पॉलीक्लीनिक चमेली चौक में टीकाकरण केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

## छात्राएं अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं: प्रो राजपूत

# गढ़ाकोटा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ ) अंतर्गत बड़े उत्साह और गरिमा के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. दिवाकर सिंह राजपूत, प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर तथा मुख्य वक्ता अजीज प्रेमजी फाउंडेशन रहली से अमित कुमार और बदलाव एक पहल संस्था से सुश्री संजना कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.घनश्याम भारती ने की। डॉ भारती ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला दिवस समाज में महिलाओं के सम्मान, समान अधिकार और उनकी उपलब्धियों को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी सुश्री आकृति खरे ने किया। डॉ. दिवाकर सिंह राजपूत ने अपने वक्तव्य में महिलाओं को उनकी क्षमताओं को पहचानने की बात कही, साथ ही सभी छात्राओं को उनके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए उपाय सुझाए। अजीज प्रेमजी फाउंडेशन के अमित ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। बदलाव एक पहल संस्था से सुश्री संजना ने बताया कि शिक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता के माध्यम से महिलाएं समाज में अपनी मजबूत पहचान बना रही है। अजीज प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और समान अवसरों से संबंधित वीडियो को दिखाया गया। और विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर कार्यकम को सफल बनाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहीं।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में महिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ''फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026'' के तहत 9 मार्च को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सागर में महिला सम्मान कार्यक्रम, मानव श्रृंखला निर्माण एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सुप्रीम प्राध्यापक अंजना चतुर्वेदी सहित महिला एवं बाल विकास सागर शहरी परियोजना की परियोजना अधिकारी रजनी बारोलिया, पर्यवेक्षक ममता निषाद, सुरभि मिश्रा, स्वाति राय एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर अंजना चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की शिक्षा एवं देश में उनके बढ़ते प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएँ शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, पुलिस तथा प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान भी किया।परियोजना अधिकारी रजनी बारोलिया ने अपने संबोधन में महिलाओं को अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने, शिक्षा प्राप्त करने, पोषण पर ध्यान देने तथा मानसिक रूप से सशक्त बनने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की 50 उत्कृष्ट छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई तथा मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति राय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन रजनी बारोलिया द्वारा किया गया।



**खबर संक्षेप**



## गुरुद्वारा साहिब में होला महल्ला पर्व मनाया

**ललितपुर।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में रविवार को लक्ष्मीपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में होला महल्ला (होली) का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर समूची संगत ने पुष्प वर्षा कर एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुखमणि साहिब जी के पाठ से हुआ। इसके उपरांत रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन का गायन किया गया। अरदास के पश्चात संगत के सहयोग से गुरु का अटूट लंगर छकाया गया और कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री गुरु सिंह सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि लाल रंग तिसको लगा तिस केवड भागा मेला कदे ना होवई ना लागे दागा। उन्होंने होला महल्ला के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी परंपरा गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने आनंदपुर साहिब से शुरू की थी। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने सिखों को कच्चे रंगों के बजाय नाम सिमरन और गुरुवाणी के पक्के रंग में रंगने का संदेश दिया है। होला महल्ला का मुख्य उद्देश्य अपनी शक्ति और भक्ति को गुरु के चरणों में समर्पित करना है। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा और मैनेजर केदार सिंह पिंटू मौजूद रहे। साथ ही अवतार सिंह, डा.जे.एस. बख्शी, दलजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, हरजीत सिंह, गुरचरण सिंह सलूजा, आनंद सिंह, गौरव सिंह, अगमजोत सिंह, अरविंदर सिंह सागरी, प्रदीप खत्री, निर्मल सिंधी, पलविंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, संदीप सिंह और अनमोल सिंह सलूजा आदि उपस्थित रहे।

## बीमारी के कारण काम न करने पर बहू की पिटाई

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम मुकटौरा (मजरा सहसुती) में एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बीमारी के कारण घर के निर्माण कार्य में हाथ न बंटा पाने पर पति, ससुर और ननद ने मिलकर महिला की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में श्रीमती बृज (23 वर्ष), पत्नी कल्लू ने बताया कि घटना शुक्रवार, 6 मार्च 2026 की दोपहर करीब 2 बजे की है। उस समय पीड़िता अपने घर पर थी, जहाँ निर्माण कार्य चल रहा था। तबीयत खराब होने के कारण वह काम नहीं करा पा रही थी और आराम करने के लिए लेट गई थी। इसी बात से नाराज होकर उसके पति कल्लू, ससुर जगदीश और ननद मोहनी गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के अनुसार, जब उसने गालियां देने का विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उसे लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं।

### सशक्त मंच से शक्ति का सम्मान थीम पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

# महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर सशक्त मंच से शक्ति का सम्मान थीम पर सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, सदस्या उप्र महिला आयोग अर्चना पटेल, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, रुचिका बुंदेला सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी से सभी को नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, मेधावी बालिकाओं और नन्ही बच्चियों को प्रशस्ति पत्र व योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए, साथ ही आत्ममंथन और सारथी सहित अन्य पुस्तकों का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों की लाभार्थी महिलाओं से वर्चुअल संवाद किया और उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने की बधाई दी। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में दिखाया गया।





जिले में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक, सदस्या उप्र महिला आयोग, नगर पालिका अध्यक्षा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताया, उन्होंने कहा कि आज हर नारी अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मिशन शक्ति, उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला कोष योजना, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, महिला संबंधी अपराधों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही, आयुष्मान जन आरोग्य योजना, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं की निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया आदि कई सकारात्मक कार्यों और उनसे महिलाओं के जीवन में हो रहे बदलावों के बारे में बताया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी सहित सभी जनप्रतिनिगणों ने विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह सहित विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं व लाभार्थी उपस्थित रहे।

### महिला स्टाफ का योगदान पर सम्मान किया

# स्वस्थ समाज की नींव महिलाओं के स्वास्थ्य व भागीदारी पर टिकी: अहमद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के गौरवशाली अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र मंभ सेवारत महिला अधिकारियों चिकित्सकों नर्सों और अग्रिम पंक्ति की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बहुमूल्य योगदान को सम्मानित करना और समाज में महिला सशक्तीकरण के संदेश को सुदृढ़ करना है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा, एक स्वस्थ समाज की नींव महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी भागीदारी पर टिकी होती है। स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हमारी महिला कर्मचारी हैं, जो न केवल पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती हैं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के साथ मरीजों की सेवा में दिन-रात जुटी रहती हैं। नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ अमित तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में निर्णय लेने वाली प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जो एक सकारात्मक बदलाव है।

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में स्वास्थ्य विभाग की महिला अधिकारियो ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में 'आशा' कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में एक क्रांतिकारी भूमिका निभा रही हैं। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा, उनका मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। उन महिला कर्मचारियों को विशेष पुरस्कार दिए गए जिन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए विशेष योगदान दिया। कार्यालय की उन महिला कर्मियों को भी सराहा गया जिन्होंने प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी दक्षता सिद्ध की है। इसके अतिरिक्त एक संक्षिप्त स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें महिला कर्मचारियों को स्वयं के स्वास्थ्य विशेषकर स्तन कैंसर सर्वाइकल कैंसर और मानसिक तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने सुझाव दिया कि दूसरों की देखभाल करने वाली महिलाओं को अपनी देखभाल के लिए भी समय निकालना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पुरुष सहकर्मियों ने महिला साथियों के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं और भविष्य में एक समावेशी कार्य वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

डीपीएम रजिया फिरोज ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह उत्सव केवल एक दिन का नहीं, बल्कि महिलाओं की क्षमता पर निरंतर विश्वास करने का प्रतीक है। इस आयोजन ने कार्यालय के भीतर न केवल एक उत्सव का माहौल बनाया बल्कि कर्मचारियों के बीच एकता और कार्य के प्रति उत्साह को भी नया आयाम दिया।इस दौरान नोडल आर सी एच डॉ अमित तिवारी, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ चंदा किचौलिया चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश भारती डीपीएम रजिया फिरोज डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन एवं स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख की ठगी, 6 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाजों ने एक युवक को फर्जी आईडी कार्ड और नियुक्ति पत्र थमाकर 3 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी मुन्नालाल परिहार (70) ने बताया कि उनका परिचय ग्राम निबाई निवासी संतोष रानी से था, जहां वह काली माता की चौकी पर जाते थे। वहीं उनकी मुलाकात भूरेलाल और उसके पुत्र प्रमोद से हुई। आरोपियों ने मुन्नालाल को झांसा दिया कि उनके रिश्तेदार गब्बर सिंह राय की रेलवे विभाग में बड़ी पकड़ है और वह उनके नाती आर्यन की नौकरी लगवा सकते हैं। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने नौकरी के बदले 4.50 लाख रुपये की मांग की थी। मुन्नालाल ने आरोपियों के बताए अनुसार 1.45 लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से वैभव कुमार के खाते में भेजे और 1.55 लाख रुपये नकद दिए। कुल 3 लाख रुपये लेने के बाद आरोपियों ने आर्यन के नाम का एक रेलवे आईडी कार्ड और कुछ दस्तावेज सौंप दिए। जब मुन्नालाल अपने नाती के साथ जॉइनिंग के लिए झांसी स्थित इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड पहुंचे, तो वहां पता चला कि उन्हें दिए गए सभी दस्तावेज पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि पैसे मांगने पर गब्बर सिंह ने फोन पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुन्नालाल की तहरीर पर संतोष रानी (निबाई), भूरेलाल, प्रमोद (गौना), गब्बर सिंह, वैभव कुमार (टीकमगढ़) और अनिकेत गिरी (ललितपुर) के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति के तत्वावधान में नारी शक्ति का सम्मान किया

# महिलाएं चुनौती स्वीकार कर देश का नाम रोशन कर रहीं: दीपिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के स्थानीय ललित पैलेस होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर की समाजसेविका दीपिका सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपमाला श्रीवास्तव, गुलाबबाई सेन, रश्मि शर्मा, किरन वर्मा, स्नेहा सोनी, प्रीतिवाला मण्डल, गेंदा सेन, नीता जैन, रीना गंगेले उपस्थित रही। सर्वप्रथम समिति द्वारा सभी अतिथियों को पकड़ी, शॉल, भेंट माला व फूल भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार किया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेविका कानपुर दीपिका सिंह ने कहा कि महिलाएं हर चुनौती को स्वीकार कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली के दम पर मुकाम हासिल किया है वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाएँ यदि सोच ले कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना है तो सफलता अवश्य प्राप्त हो सकती है। विशिष्ट अतिथि दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएँ अपनी मेहनत से प्रगति के मुकाम हासिल कर रही हैं। जब महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी लगन से मेहनत करती हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है और मंजिल भी मिलती है। विशिष्ट अतिथि रश्मि शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही परिवार विकास की ओर अग्रसर होता है। हम सभी महिलाओं को अपने परिवार को शिक्षित कर कर उनको ऊँचे मुकाम की ओर अग्रसर करना हमारा दायित्व है। विशिष्ट अतिथि किरन वर्मा ने कहा कि हमें अपने परिवारों में अच्छे संस्कार देकर उनकी अच्छी आधार शिक्षा के रूप में मार्ग दर्शन करना चाहिए जिससे भविष्य में उनका जीवन बेहतर प्रगति की ओर जाकर एक नया मुकाम हासिल करें। विशिष्ट अतिथि स्नेहा सोनी, नीता जैन व रीना गंगेले ने कहा कि महिलाएँ आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर चल रही हैं। जबकि आज महिलाओं हर क्षेत्र में उच्च मुकाम पाकर अपने शक्ति के नाम का परचम लहरा रही हैं। जिनने मुकाम हासिल किया है उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा आज अपनी मंजिल पर खड़ी हैं। विशिष्ट अतिथि प्रीतिवाला मण्डल व गेंदा सेन ने कहा महिलाओं की भक्ति किसी स्वयं प्रशंसा सम्मान की आकांक्षी नहीं है। वह तो बस कर्तव्य की उस अविरल धारा की तरह है।

### नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया

इस अवसर पर महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें सरोज दिवाकर, रेनू मासिक (शिक्षिका), मीरा साहू, चंद्रप्रभा बौद्ध, उमा यादव सीडीपीओ, प्रियंका वर्मा (शिक्षिका), शगीता लोधी, रोशनी, शरेणुका कौशिक, राधा वर्मा, विमलेश यादव, सोनम रावत, नीलम माथुर, श्रीमती रेखा चौबे, दीपिका वैश्य, राजेश्वरी जायसवाल, आभा सेन, गुड्डी सेन, गुड्डी कश्यप, हसीन सेन, श्रीमती संगीता वर्मा आदि का सम्मान किया गया है। इस दौरान आशा साहू, पुष्पादेवी सेन, रचना देवी, राजकुमारी, रामप्यारी, गोईबाई, रजनी, सूमन, नेहा, मुस्कान, नीतू, दिया, रोशनी, मनीषा, रेखा विश्वकर्मा, प्रभा साहू, बबीता पंथ, रामवती, रिंकी, पूजा, गुड्डी, द्रोपती, संगीता कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, सावित्री, पूनम, मनीषा, रोशनी, गजरा, कुसुम, वर्षा, अनीता, लक्ष्मी, पूजा, सुषमा, मीरा देवी, रूचि झां, पलक कुशवाहा, सुशीला, रानी, रानी, गेंदा, संगीता, नीतू, विज्ञान कुशवाहा, डोली सेन, गुलाबबाई सेन, रामदेवी, दीपमाला श्रीवास्तव, भावना, उमा राजा, रूपा साहू, राशि झां, अंजली भारती, सरोज, स्नेहा सोनी, मोहिनी जैन, अंजू विश्वकर्मा, नेहा अहिरवार, कोमल, अंजू, सूरज देवी, किरन चौधरी, रजनी, सविता कुशवाहा, राधा पाल, पूजा पाल, ममता कुशवाहा, कस्तूरी कुशवाहा, मीना, काजल कुशवाहा, जमना कुशवाहा, विनोद राजा, रूचि राजा, प्रियंका राजा, राजाबेटी कुशवाहा, राधा कुशवाहा, जशोदा कुशवाहा, कौशल्या कुशवाहा, पूजा कुशवाहा, तारादेवी कुशवाहा, ममता कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, सुखवती कुशवाहा, शारदा, सविता साहू, मनोरमा, कृतिका शर्मा, राजमती जैन, लक्ष्मी नामदेव, ताराबाई, सुमन पाटकार, गीता देवी, अनीता नामदेव, रश्मि राजा, द्रोपती के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन सविता मण्डल व आभार सचिव गीता सेन ने जताया।

### 5 दिवसीय मेले का विधि विधानपूर्वक पूजाअर्चन कर शुभारंभ किया

# श्रद्धालुओं की श्रद्धा का प्रतीक है राखपंचमपुर मेला: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम राखपंचमपुर में स्थित सिद्धक्षेत्र राखपंचमपुर में श्री श्री 1008 सिद्धबाबा मंदिर पर 07 से 11 मार्च तक आयोजित होने वाले 05 दिवसीय वार्षिक मेले के का शनिवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने विधिविधानपूर्वक पूजाअर्चन कर शुभारंभ किया। इस मेले में हजारों की संख्या में स्थानीय व मध्य प्रदेश के श्रद्धालू दर्शन करने आते हैं, ऐसी मान्यता है कि यहां पर सिद्ध बाबा के दर्शन और उनकी पवित्र भभूति लगाने से चमत्कारिक रुप से चर्मरोग ठीक हो जाते हैं। यहां श्रद्धालू मंदिर पर सीधे में आटा, दाल, चावल आदि अनाज चढ़ाते हैं और मन्नत मानते हैं।



जिलाधिकारी ने मेला परिसर में व्यवस्थाओं को देखकर कहा कि यह मेला न सिर्फ श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि आसपास के ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है, मेले में स्थानीय लोगों के द्वारा निर्मित मिट्टी के बर्तनों की बड़े पैमाने पर बिक्री होती है, जिससे उन्हें रोजगार के साथ-साथ उनके उत्पादों को दूर-दूर तक ख्याति भी मिलती है। मेले की भव्यता के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने पूर्व में ही सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए सड़क, बिजली, पानी, सफाई, शौचालाय से लेकर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करा ली हैं। इसके साथ ही प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय दुकानदारों का भी ध्यान रखा गया है, उनके लिए मेला समिति द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री के लिए उचित स्थान दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेला जनपद का ऐतिहासिक मेला है, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारम्परिक रुप से मेले का आयोजन होगा, इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण हैं, सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरता के साथ पूर्ण करें और मेले की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें, जिससे मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। मेले में विभिन्न दुकानदारों के द्वारा स्थानीय उत्पादों, मिट्टी के बर्तनों, खिलौनों सहित खाद्य पदार्थों की दुकानें एवं स्टॉल लगाए गए हैं, साथ ही विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं का आवागमन भी प्रारम्भ हो गया है। मेला परिसर में यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, साथ ही बड़े झूलों को भी अलग मैदान में लगाया गया है, जिससे भीड़ को आसानी से नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी भी बनायी गई है, जहां से 24 घण्टे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से अनांउसमेंट होती रहेगी। मेला परिसर में रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइटें लगायी गई हैं तथा अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार, तहसील सदर घनेंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा सप्ताह प्रारंभ

# श्रीतुवन मंदिर में बहेगी भक्ति व साहित्य की त्रिवेणी, कवि सम्मेलन 11 को होगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्थानीय श्रीतुवन मंदिर प्रांणगण में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहने वाली है। मंदिर परिसर में सप्ताह ज्ञान यज्ञ के साथ-साथ सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो 8 मार्च 2026 से शुरू होकर 14 मार्च 2026 तक चलेगा। इस आयोजन के विशेष आकर्षण के रूप में 11 मार्च को सायं 6 बजे से एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव के अंतर्गत होने वाले इस सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध रचनाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सम्मेलन में काव्य पाठ के लिए मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध गीतकार (इन्दौर) अमन अक्षर, हास्य कवि (मंदसौर) मुन्ना बैटरी, गीतकार (शिवपुरी)मनु वैशाली, गीता शुक्ला (बाराबंकी) शायर अभिसार, ओज कवि (गाजियाबाद) मोहित शौर्य संयोजन एवं संचालन करेंगे। जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन एड.मध्यम सक्सेना बरेली द्वारा किया जाएगा, जबकि पूरे भव्य आयोजन के संयोजक शैलेन्द्र कुमार (ललितपुर) हैं।

### ढोल-नगाड़ों की थाप पर हुरियारे निकले

# रंग-गुलाल की फुहारों से रंगा शहर रंग पंचमी पर सड़कों पर जश्न मना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



होली के पांचवें दिन मनाई जाने वाली रंग पंचमी पर शहर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही शहर की गलियों और मुख्य चौराहों पर रंग-गुलाल की बौछार के साथ हुरियारों की टोलियां निकल पड़ीं। ढोल-ढमाकों और की धुन पर युवा जमकर थिरकते नजर आए और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां बांटी।शहर के हाट रोड, जयस्तंभ चौराहा, बस स्टैंड क्षेत्र, सदर बाजार और विभिन्न कॉलोनियों में रंग पंचमी का उत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। युवाओं की टोलियां रंग और गुलाल उड़ाते हुए सड़कों पर निकलीं और "होली है" के जयघोष के साथ माहौल को रंगमय बना दिया। कैंट चौराहा समेत कई स्थानों पर बैंड बाजा और ढोल की थाप पर युवाओं ने नृत्य कर जमकर मस्ती की।रंग पंचमी के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक राजनीतिक संस्थाओं द्वारा होली मिलन समारोहों का आयोजन भी किया गया। इन कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कई स्थानों पर ठंडाई, मिठाई और पारंपरिक व्यंजनों का भी वितरण किया गया।महिलाओं और बच्चों में भी रंग पंचमी को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। कॉलोनियों और मोहल्लों में महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया, वहीं बच्चों ने रंग-पिचकारी के साथ जमकर आनंद लिया। कुछ युवकों ने होली खेली और क्रिकेट भी खेला।दिनभर शहर के कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और मिलन समारोह चलते रहे, जिनमें लोगों ने आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी के चलते शहर में शांति और व्यवस्था बनी रही। कुछ मंदिरों में भी फाग उत्सव मनाया गया।रंग, उमंग और भाईचारे के इस पर्व ने एक बार फिर शहरवासियों को आपसी एकता और सौहार्द का संदेश दिया। हर तरफ होली के गीत-संगीत और उल्लास का माहौल बना रहा।

### मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने दबोचा आरोपी, भेजा जेल

# हादसा नहीं हत्या है सूरज की मौत, दोस्त पर मर्डर का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेसईपुरा थाना क्षेत्र स्थित कूनो नदी में मृत अवस्था में मिले सूरज आदिवासी की मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। हादसा समझी जा रही सूरज की मौत हत्या निकली है। यह हत्या किसी और ने नहीं,बल्कि खुद सूरज के दोस्त अनिल के द्वारा सूरज को पुल से नीचे धक्का देकर अंजाम दी गई है। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करने के बाद अनिल आदिवासी के खिलाफ मर्डर का केस दर्ज कर लिया है और फिर उसे अरेस्ट करके न्यायालय में भी पेश कर दिया है,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

यहां बता दें कि गत 5 मार्च की सुबह सेसईपुरा थाना क्षेत्र स्थित कूनो नदी पुल के नीचे नदी में सूरज 19 वर्ष पुत्र मनी आदिवासी निवासी मोरावन लाश पडी मिली है। पत्थरों में गिरने के कारण आई चोटों के कारण सूरज की मौत हुई है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सूरज किसी दुर्घटनावश पुल से नीचे गिर गया होगा और पत्थरों में गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर उसका अस्पताल में पीएम करवाया और फिर मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।




#### परिजनों ने चक्काजाम करके लगाया हत्या किए जाने का आरोप

इस मामले में मृतक सूरज आदिवासी के परिवार के लोगों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर दिया था। श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर चक्काजाम करने वाले मृतक सूरज के परिवार के लोगो ने आरोप लगाया था कि सूरज की मौत दुर्घटना नहीं है,बल्कि हत्या है,क्यांकि उसे पुल से धक्का देकर मौत के घाट उतारा गया है। तत्समय पुलिस अधिकारियों ने जाम लगा रहे लोगों से चर्चा करते हुए उन्हें यह भरोसा दिलाकर जाम खुलवा दिया कि अभी मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यदि हत्या किए जाने की पुष्टि होगी तो पुलिस निश्चित रूप से हत्या का मामला दर्ज करेगी।

#### पहले एक साथ बैठकर शराब पी,फिर पुल से दे दिया धक्का

सेसईपुरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन ने बताया कि मृतक सूरज आदिवासी और अनिल आदिवासी एक ही गांव के निवासी होकर आपस में दोस्त भी है। शाम के समय यह दोनो बाइक पर सवार होकर कूनो नदी पुल पर पहुंचे,जहां दोनों बैठकर एक साथ शराब पी। फिर अनिल ने सूरज से उसकी बाइक नजदीकी गांव में जाने के लिए मांगी। लेकिन सूरज ने बाइक देने से मना कर दिया। इसी बात पर आक्रोशित हुए अनिल ने गाली गलौच करते हुए सूरज को पुल से धक्का देकर नीचे फेंक दिया और फिर उसकी बाइक लेकर वहां से भाग गया। पुल से नीचे गिरे सूरज की पत्थरों के कारण लगी चोट के कारण मौत हो गई। इस मामले में जांच के बाद मृतक सूरज के भाई बचन आदिवासी की रिपोर्ट पर अनिल आदिवासी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया और उसे अरेस्ट करके न्यायालय में पेश कर दिया है।

### ग्रीन एज प्रोजेक्ट अंतर्गत टेक्निकल सपोर्ट ग्रुप की बैठक आयोजित

# नेपियर घास लगाने पंचायतों में दो-दो हेक्टयर भूमि चिन्हित करें:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




प्रोजेक्ट अंतर्गत चिन्हित ग्राम पंचायतों में दो -दो हेक्टयर भूमि नेपियर घास लगाने के लिए चिन्हित की जायें। जिससे पशुपालको को चारे की उपलब्धता आसानी से हो सकें। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन को सक्रिय करते हुए संवहनीय आजीविका को बढाने के लिए पशुपालन को बढावा दिया जायें। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने दिए है। वे सोमवार को ग्रीन एज प्रोजेक्ट अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टेक्निकल सपोर्ट गुरुप की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ सुभाष बाबू दौहरे, कार्य पालन यंत्री जल संसाधन चैतन्य चौहान, सहायक संचालक उद्यानिकी रिषिका त्रिपाठी, प्रोजेक्ट की स्टेट टेक्निकल कार्डिनेटर डॉ नीलम बिसेन पंवार, जिला स्तरीय टीम लीडर शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य सदस्य रामअवतार शर्मा, अमृतेश वशिष्ठ, शकील खान,संजय तोमर, पूजा चौधरी, पूजा जैन आदि उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि ग्रीन एज प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्यो के साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र आदि की रूटीन योजनाओं का लाभ कन्वर्जन करते हुए प्रोजेक्ट एरिया में लक्षित परिवारों को दिया जायें। पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता के उद्देश्य से उन्हें वानिकी एवं उद्यानिकी से जोडा जायें। उन्होंने कहा कि क्रॉप पेटर्न में बदलाव लाया जायें, इसके लिए कृषि क्षेत्र में कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती को बढावा देने के लिए कार्य किया जायें, कृषि विभाग अंतर्गत 17 स्थानों पर बनाये जाने वाले बायो रिसोर्स सेंटर को प्रोजेक्ट के माध्यम से तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जायें तथा किसानों को जीवामृत, बीजामृत आदि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जायें।

इस अवसर पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि प्रोजेक्ट के तहत श्योपुर एवं मुरैना जिले की विजयपुर तथा सबलगढ विकासखण्ड में 98 हजार हेक्टयर भूमि को लक्षित कर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, लाइलीहुड, जैव विविधता, लैण्ड मैनेजमेंट, रिवाईन्स एरिया में सुधार सहित पर्यावरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसमें कुल 116 गांव लिये गये है, जिनमें विजयपुर के 78 तथा सबलगढ के 38 गांव शामिल है। इन गांवे में बेसलाइन सर्वे कर लिया गया है तथा वर्तमान में फार्मर फील्ड स्कूल के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे है। चंबल क्षेत्र में मृदा संरक्षण के लिए नेपियर घास लगाने का कार्य भी प्रोजेक्ट के तहत किया जायेगा।

# 2700 से कम में गेहूं खरीदना किसान के साथ धोखा:चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरकार द्वारा 40 रूपए गेहूं का बोनस दिए जाने पर धन्यवाद है पर यदि किसानों का गेहूं 2700 रूपए प्रति क्विंटल नहीं खरीदना किसानों के साथ धोखा है। क्योंकि यह घोषणा सरकार द्वारा चुनाव के समय की गई है। यह बात भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कराहल स्थित तहसीलकार्यालय में तहसीलदार कराहल को सीएम के नाम ज्ञापन सौपते हुए कही। सीएम के नाम दिए गए इस ज्ञापन में कराहल मंडी प्रांगण में सीसी, पानी, लाइट, किसान भवन आदि अव्यवस्थाओं को दूर करने, अवैध नशें पर रोक लगाने, मुझरी बांध का कार्य प्रारंभ करने, खेतों की तार फेंसिंग हेतु सब्सिडी, सहकारिता का जिला मुख्यालय श्योपुर में बनाए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन देने से पहले किसान संघ की तहसील स्तरीय बैठक तहसील प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाते हुए किसानों की समस्याओ को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर रामचरण धाकड़, सियाराम गुर्जर, निसार खान, घनश्यामगुर्जर धीरजगुर्जर, मोहन सरदार बृजमोहनगुर्जर गोपाल कुशवाहा रामजीलाल आदिवासी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।




# जिला पंचायत सीईओ ने कार्यालय का निरीक्षण किया



श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा कार्यालय जिला पंचायत का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ-सफाई नियमित रूप से कराये जाने के लिये उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के प्रत्येक कक्ष का अवलोकन किया तथा उपलब्ध अभिलेखों को सुव्यस्थित करने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा निरीक्षण के समय अनुपस्थित कर्मचारियों रागिनी शर्मा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, तरूण त्रिपाठी सहायक ग्रेड-3, विष्णु सुमन आउटसोर्स ऑपरेटर, मनीष शिवहरे सहायक ग्रेड-3 एवं भगत सिंह जाट पीसीओ को एक दिवस अवैतनिक करने की कार्यवाही की गई।

### 12 टीमों ने प्रतियोगिता में लिया भाग,विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों ने दिए पुरस्कार

# कबड्डी प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया दमखम, सोईकलां की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत सोमवार को शहर के पीजी कॉलेज खेल मैदान स्थित इंडोर हॉल में जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर की 12 टीमों ने भाग लिया। टीमों में शामिल महिलाओं ने कबड्डी के दौरान अपना दम दिखाया।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की 12 टीमें भाग ले रही है, टीमों का उत्साह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अच्छा उदाहरण है। इस अवसर पर उन्होंने भाग ले रही सभी टीमों की महिलाओं को शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट ने महिलाओं के लिए आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता को महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास बताते हुए कहा कि महिलाएं विभिन्न खेलो में अपना परचम लहरा रही है। इस अवसर पर उन्होंने इस आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं प्रदान की। प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान प्रथम टीम का टॉस 'जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद' द्वारा किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल दर्जनभर टीमों में से विजेता टीम लक्ष्मीबाई क्लब सोईकला बनी,जिसे 21000 रूपये नकद पुरस्कार, कप एवं प्रमाण पत्र प्रदान अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। जबकि द्वितीय स्थान शिक्षा विभाग श्योपुर की टीम रही। जिसे 11000 नगद पुरस्कार, कप एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तृतीय स्थान पर राजीव गांधी क्लब बड़ौदा की टीम रही, उसे भी 5100 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त एनआरएलएम श्योपुर, श्योपुर स्पोर्ट्स क्लब एवं पीजी कॉलेज श्योपुर की टीमों को 1100-1100 के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।



#### इन टीमों ने लिया भाग

इस जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में यंग फुटबॉल क्लब (खेल विभाग) बालिका टीम, लक्ष्मीबाई क्लब सोईकला बालिका टीम, श्योपुर स्पोर्ट्स क्लब बालिका टीम, जय माता दी क्लब, जनपद पंचायत श्योपुर, पीएम श्री कॉलेज श्योपुर बालिका टीम, एसआरएलएम कराहल एवं श्योपुर महिला टीम, शिक्षा विभाग श्योपुर की शिक्षिकाओं की टीम, जनजातीय कन्या परिसर ढेंगदा (जनपद पंचायत कराहल) की बालिका टीम, राजीव गांधी क्लब बड़ौदा, जनपद पंचायत श्योपुर सहित अन्य टीमें शामिल रहीं।



#### जिपं अध्यक्ष ने रस्साकसी में दिखाया दम

इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान रस्साकसी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न महिला टीमो ने भाग लिया। प्रथम स्थान के लिए एनआरएलएम कराहल, द्वितीय स्थान के लिए पीजी कॉलेज श्योपुर एवं तृतीय स्थान के लिए एनआरएलएम श्योपुर की टीम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विशेष बात यह है कि इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष गुडड़ी बाई आदिवासी ने समापन समारोह के दौरान न केवल विजेता बनी टीमो के पुरस्कार प्रदान किए, वहीं एनआरएलएम की कराहल टीम की ओर से जिला पंचायत अध्यक्ष ने सहभागिता करते हुए रस्सी खींचकर अपना दमखम दिखाया। रस्साकसी में जिपं अध्यक्ष वाली टीम विजेता रही। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी अजय त्रिवेदी, सीईओ जनपद कराहल राकेश शर्मा, जयदीप तोमर, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग कामिनी पाठक, टीडब्ल्यूडी खेल अधिकारी महाराज सिंह पचोरिया तथा 'डॉ. मनु प्रताप सिंह खेल अधिकारी कॉलेज की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

### भगवान परशुराम जन्म उत्सव समिति का गठन

# होली मिलन समारोह आयोजित, वेदू त्रिपाठी संयोजक, रोहित और राघव सहसंयोजक होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




सर्व ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह रविवार को भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया, इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासभा की वार्षिक साधारण सभा भी आहुत की गई जिसमें विगत वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया तो वहीं भगवान परशुराम जन्म उत्सव समिति का भी मनोनयन किया गया। साधारण सभा की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने की। इस दौरान होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी को एक दूसरे को फूल और गुलाल से होली खेली गई।

महासभा के महामंत्री कृष्णकांत उपाध्याय बंटी ने बताया कि मंदिर पर निर्माण कार्य हेतु समिति का गठन किया गया जिसमें संयोजक ओमप्रकाश भार्गव एवं कोषाध्यक्ष विश्वनाथ वेदू त्रिपाठी को बनाया गया, इसके साथ ही भगवान परशुराम जन्म उत्सव समिति के संयोजक के रूप में सर्वसम्मति से विश्वनाथ वेदू त्रिपाठी, सहसंयोजक रोहित शर्मा घी वाले, एवं राघव सरकार को मनोनित किया गया। इसके बाद होली मिलन समारोह रखा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोविंद तिवारी, होली मिलन समारोह के संयोजक दुलीचंद समाधिया, सहसंयोजक आकाश तिवारी, गिर्राज शर्मा, रामअवतार शर्मा, सतीश शर्मा, मनोहर शर्मा सहित बडी संख्या में विप्र बंधु मौजूद रहे।


## पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का वितरण 13 को

श्योपुर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रूपए की राशि तीन समान किश्तो में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 13 मार्च को गुवाहटी असम में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर एसडीएम श्योपुर को नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ ही विजयपुर एवं कराहल ब्लॉक में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए संबंधित एसडीएम को दायित्व सौपे गये है। तहसील स्तर पर तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले की ग्राम पंचायतों में उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये गये है तथा पटवारियों को ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है।

### बधाई नृत्य होते देखे गए, पूरे दिन और रात आस्था का मेला चला, लोगों ने अपनी मन्नतें पूरी होने पर कराया राई नृत्य

# करीला मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचे, जानकी माता को माथा टेककर मांगी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



करीला अशोकनगर जिले की वह पवित्र और पावन भूमि है यहां लाखों श्रद्धालु प्रदेश के साथ पड़ौसी राज्य उत्तरप्रदेश और राजस्थान से यहां आते हैं, भीड़ का अनुमान लगा पाना मुश्किल है। हर वर्ष मेले में भीड़ बढती जा रही है, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जो प्रबंध किए जाते हैं वह भी कम पड़ जाते हैं। यह आस्था का ही चमत्कार है कि यहां आने वाले श्रद्धालु माता के दरबार में माथा टेकते हैं और मनोकामनाओं की प्रार्थना कर अपने घरों को लौट जाते हैं। इस पवित्र पावन भूमि को लेकर जहां श्रद्धालुओं में उत्साह रहता है वहां नृत्यांगनाओं में भी व्यापक उत्साह देखने को मिलता है। अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध करीला धाम मे रंगपंचमी पर लगने वाले मेले को लेकर दो दृश्य देखने को मिले। एक भीड मेले मे जा रही थी और दूसरी भीड मेले से आ रही थी। जिसको जहां से भी करीला धाम पहुचने का मौका मिला वह वहां से करीला धाम पहुचते हुए देखा गया। कई लोगों को पहाडो से उतरते हुए देखा गया। अनेक लोगो ने वाहनों के साथ आकर कही नहर के किनारे डेरा डाला, तो कही प्यास बुझाने के लिए लगाए गए नलो के पास नजर आए। तो अनेक लोगो को कोचा डेम की बेस्ट वेयर से बहकर आने वाले पानी मे नहाते हुए देखा गया। यहा जितने भी भवन मे वह सब आम जनो के लिए उपलब्ध नही थे। एक अधिकारियो का रेस्ट हाउस था। तो दूसरे का उपयोग पुलिस बल को रूकने के लिए किया गया था।

### माता के दरबार मे अर्जी लगाई और बधाई नृत्य हुए

करीला धाम पर आयोजित होने वाले इस मेले मे बडी संख्या मे महिलाए भी नजर आई। पुरुष वर्ग अपने बच्चो कंधो पर बैठाकर ले जाते हुए देखा गया। कई नागा साधु भी इस मेले मे शामिल होने पहुचे। इन सबके बीच करीला मे सब कुछ माता की कृपा से चलता रहा। रंगपंचमी की रात करीला मे बिजली की चकाचैंध से पूरा मेला जगमगाते हुए देखा गया। करीला की इस पावन भूमि पर लोगों ने जानकी माता के दरबार मे माथा टेका और अपनी अर्जी लगाई। अनेक लोगो को अपनी अर्जी यहा बनी दानपेटी मे डालते हुए देखा गया। जानकी माता का दरबार आस्था और मनोती का अनुपम दरबार है। मेले मे नृत्यांगनाए बधाई नृत्य करते हुए देखी गई। अनेक लोगो के अनुभव यहा सुने गए। कई लोगो को बच्चों नृत्यांगनाओ को देकर बधाई नृत्य कराते हुए देखा गया।

### करीला में लोहे की कढ़ाई खूब बिकी यह करीला की पहचान है

करीला मेले की पहचान सिर्फ जानकी माता के दरबार और बधाई नृत्य से ही नही है अपितु यहा आने वाले लोग अपने साथ लोहे की कढ़ाई खरीद कर भी ले जाते है। यहा अनगिनत दुकानदार इस कढ़ाई का व्यापार करने के लिए आते है यहा कढाई खरीदकर ले जाने वाले लोगो का मानना है कि यहा से खरीदी गई कढाई मे तेल कम जलता है। इसलिए वह इस कढाई को यही से खरीद कर ले जाते है। कई लोग जो मिठाई बनाने का काम करते है या हलवाई है। वह भी बडी बडी कढाई खरीदकर ले जाते हुए देखे गए। इस मेले में करोड़ो रूपए की कढ़ाई बिक जाती है एक दुकानदार ने बताया कि पिछले मेले में वह अकेला ही साढे सात लाख रूपए की कढ़ाई बेच चुका था। लगभग 100 दुकानें मेले में लगी हुई हैं। जहां से यह कढाई की खरीददारी हो रही है। मेले मे एक दूसरी खरीददारी लठ्ठ के रूप मे भी देखी गई। यहा आने वाले लोग अपने साथ लठ्ठ भी खरीदकर ले जाते है। यह लठ्ठ सजाकर बेचने के लिए लाए जाते है।

**दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब**

करीला मे दोपहर 2 बजे तक 12 लाख लोग दर्शन कर चुके हैं और इतने ही लोगों के दर्शन करने की और संभावना है। जितने लोग आ रहे हैं उतने ही लोग जा रहे हैं। करीला आने वाले मार्गो पर 5 से 6 किमी तक भीड का सैलाव है सभी वाहन पार्किंग स्थल फुल हो गए है। करीला का मेला मेरे कार्यकाल का पहला आयोजन है, इस मेले का आयोजन करना एक बड़ी चुनौती है जो भी कमियां आयोजन करने के बाद सामने आएगीं उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। लगभग 1500 पुलिसकर्मियों का दल इस मेले में लगाया गया है। यहां एक पुलिस चौकी प्रस्तावित की गई है और जल्द ही इसे स्वीकृति मिलने की संभावना है।

राजीव कुमार मिश्रा, एसपी अशोकनगर।

### मेले में पानी की कमी के साथ लोग वाहनों के ऊपर बैठकर पहुंचे

जिस दिन करीला में मेले का आयोजन था उस दिन गर्मी भी तीखी थी जिसके कारण लोगों को जरूरत से ज्यादा पानी की तड़प लगती रही। प्रशासन ने पानी की कमी को पूरा करने के लिए तरह तरह के इंतजाम किए थे। उसके बाद भी मेले मे पानी की कमी को लेकर लोगो को पानी के लिए परेशान होते देखा गया। जहा नल लगाए गए थे वहा भी लोगो की भीड नजर आई। इसके अलावा वाहनो के उपर बैठकर आने वाले लोगो पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन इस पर अंकुश नही लग सका और अनेक लोगो को कही बसों के ऊपर तो कही वाहनो के उपर मेले मे शामिल होते देखा गया। मेले में मुख्यमंत्री के के साथ प्रभारी मंत्री के आगमन के कारण पूरा प्रशासन उनकी निगरानी में लगा रहा।

**मेले मे खास ये रहा**

1 मेले मे दूषित पदार्थो की बिक्री होती रही।
2 बधाई नृत्य तो हुए लेकिन राई नृत्य कम होते देखा गया।
3 सड़कें भीड़ से भरी नजर आई।
4 कई मार्गों पर जाम की स्थिति देखी गई।
5 जाम लगने के कारण लोगो ने वाहनों को कई किमी पहले खडा किया और पैदल जाते देखे गए।
6 पथरीले क्षेत्र मे जूते चप्पल की हिफाजत के इंतजाम न होने के लिए परेशान होना पड़ा।
7 कई नाबालिग बालिकाए भी बधाई नृत्य करते हुए देखी गई।
8 बधाई नृत्य के लिए नृत्यांगनाए मनाते हुए नजर आई।
9 मोबाइल नेटवर्क की कमी इस बार भी बनी रही।
10 मनोरंजन के साधन भी मेले मे आकर्षण का केन्द्र रहे।
11 मीडिया के लिए कोई प्रबंध करीला धाम पर नहीं किए गए थे जिसके कारण मीडिया से जुड़े लोग परेशान होते रहे।

### करीला धाम के विकास के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, दीपनाखेड़ा से 10 किमी लंबी सड़क करीला धाम तक बनाई जाएगी

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीला धाम पहुंचकर जानकी माता के दरबार में पूजा-अर्चना की

## महिला दिवस पर महिलाओं को भी संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध करीला धाम पर जानकी माता के दरबार में दर्शनों के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इस पवित्र भूमि पर निर्मित जानकी माता के दरबार में दर्शन किए और पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि करीला धाम हमारी संस्कृति से जुड़ा है, इस करीला धाम के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी, यह ऐसा पवित्र स्थान है यहां में पिछले करीला मेले में भी आया था और इस बार भी आया हूं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दीपनाखेडा से करीला धाम तक आने के लिए 10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ढोल बजाकर शंखनाद किया और श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री के साथ जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व सांसद डॉ.केपी यादव भी शामिल थे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे करीला धाम पहुंचे और सीधे जानकी माता के दरबार में दर्शन किए। यहां उन्होंने बारी बारी से सभी 6 मदिंरों में माथा टेका, इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ आते हैं और जानकी माता के दरबार में दर्शन करते हैं, यहां दर्शन करने वालों की मनोकामना पूरी होती हैं। यह स्थान अत्यंत पवित्र है और माता जानकी के जीवन की कथा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि माता सीता शक्ति पराक्रम की देवी हैं माता सीता का प्रताप गौरवशाली संस्कृति है। इस पवित्र स्थान से महर्षि बाल्मीकी, सीता माता और लव कुश की कहानी जुड़ती है। आज के दिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माता जानकी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया है उन्होंने कहा कि प्रत्येक काल में अलग-अलग देवताओं का महत्व रहा है। पहले माता फिर पिता और बाद में देवताओं का नाम है। हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान दिया गया है, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्राम दीपनाखेड़ा से करीला धाम तक 10 किलोमीटर की सड़क स्वीकृत किए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने करीला धाम तीर्थ हेतु संपूर्ण विकास हेतु कार्य योजना बनाए जाने के कलेक्टर को निर्देश दिए।

### इस दौरान मुख्यमंत्री ने 115 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि के 50 विकास कार्यों का लोकार्पण किया

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 115 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि के विभिन्न 50 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।इस दौरान उन्होंने सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर लागत 29.45 करोड़, मोहन पुर लिधोरा मार्ग से किर्राया सड़क 1.26 करोड़, मुंगावली चंदेरी मार्ग से डुंगासरा तक सड़क निमार्ण 25 लाख अशोकनगर पिपरई मार्ग के किलोमीटर 13/10 में ओर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निमार्ण 7.06 करोड़,नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन राजपुर 10.94 करोड़, आंगनवाड़ी भवन निर्माण ग्राम खैरोना 95 लाख, ग्राम कोलुआ 12 लाख, पंचायत भवन निमार्ण कजराई 2लाख 25 हजार, शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय 5.42 करोड़,100 बिस्तरीय बालिका छात्रावास मल्हारगढ़ 1.78 करोड़, प्राथमिक शाला भवन अथाई घाट 43 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण किया गया।

साथ ही मां जानकी करीला धाम परिसर में व्हीआईपी दर्शन एप्रोच मार्ग 6.50 लाख, सीता रसोई के पास हट निर्माण 05 लाख रूपये,टीनशेड निर्माण 2.5 लाख रूपये,हेलीपेड एवं रोड निर्माण 15 लाख रूपये,व्हीआईपी पार्किंग हेतु रेम्प निर्माण 05 लाख रूपये,पानी टंकी निर्माण हेतु 40 लाख रूपये तथा पेयजल हेतु नवीन 05 नलकूप खनन हेतु 89 लाख रूपये की राशि के कार्यो का लोकार्पण किया गया।

### आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला दिवस के मौके पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है, साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में भी 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा।

### *रंगपंचमी पर रंगों की होली खेली गई, पूरे शहर में जगह-जगह हुलियारों को रंग लगाते हुए देखा गया*




*अशोकनगर। होली का उत्सव होलिका दहन के साथ शुरू होता है और रंगपंचमी पर समापन होता है। रंगपंचमी का दिन रंगो की होली के लिए जाना जाता है। इसीलिए रविवार को रंगपंचमी का पर्व मनाया गया और रंगो की होली खेली गई। युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। शहर मे मनाए जाने वाले होली के पर्व मे रंगपंचमी एक ऐसा दिन है जिस दिन रंगो की होली सर्वाधिक खेली जाती है। लोग एक दूसरे के घरों पर जाकर रंग लगाते हुए देखे गए। शहर मे युवाओ, युवतियो और सभी वर्ग के लोगो मे उत्साह देखा गयां। रंगपंचमी पर लोगो ने तरह तरह के रंगो का उपयोग किया। शहर मे रंगो की होली तो होती है लेकिन यहा कोई गेर नही निकलती। पहले कभी गेर निकलती थी और रंगपचंमी का उत्सव मनाया जाता था। लेकिन अब यहा इस तरह का कार्यक्रम देखने नही मिलता। लोग अपने स्तर पर ही रंगपंचमी का यह त्यौहार मनाते हुए देखे गए। इस त्यौहार पर युवाओं को बाइको से इधर उधर आते जाते देखा गया। संस्थानो के साथ अन्य स्थानो पर भी लोगो को होली का पर्व मनाते हुए देखा गया। लोगों ने डीजे बजाकर नृत्य किया और रंग पंचमी का उत्सव मनाया। शहर के माउंट लिटरा किडजी स्कूल में रंग पंचमी के अवसर पर पारिवारिक होली का विशेष आयोजन किए गया, जहां डीजे की थाप पर बच्चों सहित युवा और महिलाएं भी झूमती नजर आई। सभी ने पहले एक दूसरे को गुलाल लगाया और पानी की बौछार के बीच संगीत और नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।*

## खेल, योग व ध्यान से हमारा मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रहता: डॉ उमा लवानिया

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण पहल के अंतर्गत मार्च प्रथम सप्ताह में कॉलेज के शिक्षक काउंसलरों के माध्यम से कमजोर एवं संवेदनशील छात्रों हेतु विशेष सहायता, खेल, योग एवं ध्यान संबंधी कार्यक्रम नशा मुक्ति पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने कहा कि कॉलेज शिक्षक काउंसलरों के माध्यम से कमजोर एवं संवेदनशील विद्यार्थियों के लिए कार्यरत है। हम विद्यार्थियों से व्यक्तिगत जुड़कर ही उनकी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि खेल योग एवं ध्यान के माध्यम से हमारा मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है, हमें प्रतिदिन अपनी क्षमता के अनुसार खेल योग एवं ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। इसके लिए हमें नियमित दिनचर्या, संतुलित भोजन, सकारात्मक विचारधारा, तनाव से मुक्त एवं अपनी रुचि अनुसार कार्यों में व्यस्त रहने की आवश्यकता है। शिक्षक काउंसलरों ने बताया कि शैक्षणिक, शारीरिक, भावनात्मक, विकासात्मक चुनौतियों का समाधान कैसे करें, विषयों में कठिनाई का सामना एवं निदान, सीखने की क्षमता का विकास, योग एवं ध्यान का नियमित अभ्यास एवं अवसाद को कम करना, योग एवं ध्यान रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक, एकाग्रता में वृद्धि करता है। काउंसलरों के माध्यम से बताया गया कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति के शरीर, मन एवं समाज को बुरी तरह प्रभावित करती है। नशे के आदि व्यक्ति का आत्म नियंत्रण खत्म हो जाता है और व्यक्ति विनाश की ओर अग्रसर हो जाता है। समस्त शिक्षक काउंसलरों प्रकाश चंद्र, मृणालिनी मिश्रा, सत्यम सिंह कुर्मी, डॉक्टर निशि भदोरिया, डॉक्टर हरी शंकर सेन, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर विशाल मिश्रा, यशवंत शर्मा, डॉ अमन आर्य, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, राजीव लोधी, अरुण उपाध्याय, डॉक्टर कृतिका रत्नाकर, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, नम्रता गर्ग ने विद्यार्थियों को दिशा निर्देशित किया।



## बालिकाओं को लगाई जा रही वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से होगा बचाव

करैरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करैरा में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को वैक्सीनेशन लगाया जा रहा है। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी माना जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जो बालिकाएँ 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हैं तथा 15 वर्ष से अधिक नहीं हैं, उन्हें यह वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है। यह अभियान कलेक्टर शिवपुरी के निर्देशन तथा स्वास्थ्य विभाग व जिला शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में बीआरसीसी विनोद तिवारी एवं बीएसी महेश कुमार लोधी ने बताया कि बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए লृढश वैक्सीनेशन किया जा रहा है। यह टीकाकरण बालिकाओं के अभिभावकों की सहमति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए बालिकाओं के पालकों तथा जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है, इस संबंध में माध्यमिक विद्यालयों के सभी शासकीय अशासकीय शाला प्रभारी से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की गई है ताकि अधिक से अधिक बालिकाएँ इस वैक्सीनेशन का लाभ लेकर गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें। बीएसी महेश कुमार लोधी द्वारा करेरा

## सिविल अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ की रखी मांग धरना प्रदर्शन कर नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



सिविल अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने अस्पताल परिसर में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी गई कि अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ सहित डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति की जाए। अस्पताल की सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घोषित 100 बिस्तर के अस्पताल का काम जल्द से जल्द शुरू करने की मांग रखी। प्रदर्शन के दौरान किसान विंग जिला अध्यक्ष रामसेवक कुशवाहा, मोहनलाल रैकवार, रामसेवक पवार, लक्ष्मण सिंह अहिरवार और दमयंती सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।